
आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-132 -● कटनी ● सोमवार, 14 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


दो माह बाद ताज के दीदार





पेज 7 रंग संसार

# बिहार में सियासत का पारिवारिक ड्रामा

## लोजपा में टूट, चाचा ने भतीजे चिराग को हटाया तो पासवान पहुंचे घर, मुश्किल से मिली एंट्री

**पटना।** बिहार के पासवान कुनबा में हाई वोल्टेज राजनीतिक ड्रामा देखने को मिल रहा है। दिवंगत दिग्गज नेता रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) टूट गई है। लोजपा के पांचों बागी सांसदों ने मिलकर चिराग पासवान को पार्टी के संसदीय दल के नेता पद से हटा दिया है और उनके बागी चाचा पशुपति पारस पासवान को नया नेता चुना है। इसके बाद सोमवार सुबह चिराग पासवान अपने बागी चाचा पशुपति पारस को मनाने उनके घर पहुंचे, लेकिन भतीजे के आने से पहले ही चाचा घर से निकल गए। फिलहाल, चिराग पासवान जब अपने चाचा पशुपति पारस के घर पहुंचे, तो दिल की दूरियां इतनी बढ़ गईं कि चाचा के घर के दरवाजा भी उनके लिए नहीं खोला गया। चिराग पासवान घर के बाहर ही अपनी गाड़ी में बैठकर करीब 20 मिनट तक इंतजार करते रहे। इसके बाद घर का दरवाजा खोला गया। इससे पहले, पार्टी में चल रही उठापटक के बीच सोमवार को पशुपति पारस ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि उन्होंने पार्टी को तोड़ा नहीं बचाया है। साथ ही कहा कि उन्हें चिराग पासवान से कोई नाराजगी नहीं है, अगर वे चाहें तो पार्टी में रह सकते हैं। लोक जनशक्ति पार्टी में टूट हो गई है। इसे लेकर पशुपति पारस ने सोमवार को कहा कि हमारे भाई चले गए, हम बहुत अकेला महसूस कर रहे हैं। भाई के जाने के बाद पार्टी की बागडोर जिनके हाथ में गई, तब सभी को उम्मीद थी कि वर्ष 2014 की तरह इस बार भी हम एनडीए के साथ बने रहें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोक जनशक्ति पार्टी बिखर रही थी, असमाजिक तत्व आ रहे थे, एनडीए से गठबंधन को तोड़ दिया और कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी गई।



### चाचा बोले-आ सकता है भतीजा

पशुपति पारस ने कहा, हमारी पार्टी के पांच सांसदों की इच्छा थी कि पार्टी को बचाना जरूरी है। मैंने पार्टी तोड़ी नहीं है, पार्टी को बचाया है। जब तक मैं जिंदा हूं, पार्टी को जिंदा रखूंगा। चिराग पासवान मेरे भतीजे हैं। मुझे चिराग पासवान से कोई दिक्कत नहीं है। अभी भी वास्तविक पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी ही है। अभी तक चिराग पासवान ही पार्टी के अध्यक्ष हैं, लेकिन अब वे चाहें तो आगे भी पार्टी में रह सकते हैं। हमें उनसे कोई शिकायत नहीं। जनता दल (यू) पर पारस ने कहा कि वे शुरुआत से एनडीए के साथ रहे हैं।

# 72 दिन बाद 70 हजार केस

### कोरोना से राहत




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का कहर अभी भी जारी है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 70,421 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,95,10,410 हो गई। बता दें कि 72 दिनों बाद कोरोना मरीजों की यह संख्या सबसे कम है। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या अभी भी चिंता का सबब बनी हुई है। बीते 24 घंटे में 3921 लोगों की जान चली गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी करीब दो माह बाद, 10 लाख से कम हो गई है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 3,921 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 3,74,305 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 9,73,158 हो गई है।

## फटाफट खबरें

### केजरीवाल का एलान, 2022 में सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**नई दिल्ली।** सीएम केजरीवाल ने कहा कि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए अभी से तैयारी में जुट गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रदेश की जनता की अपेक्षा को देखते हुए आप के कार्यकर्ता और नेता चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं और आगामी चुनाव में पार्टी सभी 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के लोग सोचते हैं कि अगर दिल्ली में बिजली, पानी और अस्पतालओं की व्यवस्था अच्छी हो सकती है तो यहां क्यों नहीं हो सकती है।

### नफ्ताली बेनेट इजराइल के पीएम बने नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** इस्राइल में आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू दशक का अंत हो गया। दक्षिणपंथी यामिना (संयुक्त अधिकार) पार्टी के नेता नफ्ताली बेनेट ने रविवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही 12 साल से प्रधानमंत्री पद पर काबिज बेंजामिन नेतन्याहू का कार्यकाल खत्म हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्पेशल फोर्स के कमांडो रहे बेनेट को इस्राइल का प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं हैं। साथ ही पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का आभार जताया।

### न्यूजीलैंड को मिली आसान जीत ने बढ़ाई विराट की चिंता


**खेल डेस्क।** न्यूजीलैंड ने टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ धमाकेदार जीतकर दर्ज कर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले विराट कोहली सहित टीम इंडिया कि चिंता बढ़ा दी है। बर्मिंघम में खेले गए दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 8 विकेट से शिकस्त देकर 1-0 से सीरीज पर कब्जा किया। अब इस सीरीज के बाद क्रिकेट फैन्स की नजरें भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल पर टिकी हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों की मानें तो दोनों टीमों के बीच फाइनल में जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी।

# श्री रामजन्म भूमि ट्रस्ट पर गंभीर आरोप, चंपत ने किये खारिज

## दो करोड़ में बैनामा, 10 मिनट बाद 18.5 करोड़ में एग्रीमेंट, विपक्ष ने सरकार को घेरा

**अयोध्या, नई दिल्ली।**

राम जन्मभूमि ट्रस्ट पर राम मंदिर के लिए जमीन खरीदने में भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप लगा है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और पूर्व राज्य मंत्री पवन पांडेय ने आरोप लगाया है। हालांकि भ्रष्टाचार के आरोप पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सारे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चंपत राय ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया । उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोग इस संबंध में प्रचार कर रहे हैं वह भ्रामक है और समाज को गुमराह करने के लिए है। ये सारे ही आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। चंपत राय ने एक प्रेस रिलीज भी जारी की। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 9 नवंबर, 2019 को श्री राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद अयोध्या में जमीन खरीदने की मांग बढ़ने लगी। देश के कई लोग जमीन खरीदने के लिए आने लगे। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या के विकास के लिए जमीन खरीद रही है, इस कारण अयोध्या में जमीनों के दाम बढ़ गए। चंपत राय ने कहा कि वर्तमान विक्रेताओं ने सालों पहले जिस कीमत पर जमीन बेचने का समझौता किया था। उसी जमीन को ट्रस्ट ने मार्च 2021 में अपने नाम कराया है। इसके बाद ही ट्रस्ट के साथ एग्रीमेंट किया। आरोप लगाने का तो कई मतलब ही नहीं बनता।



### आरोपों में दम तो है..!



पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि अयोध्या के बाग बिजेस्वर में स्थित 12080 वर्ग मीटर एक भूमि का बैनामा 18 मार्च, 2021 की शाम 07:05 बजे बाबा हरिदास ने व्यापारी सुल्तान अंसारी व रवि मोहन तिवारी को दो करोड़ रुपये में किया था। इसमें गवाह के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय मौजूद रहे। कहा कि इसी दिन 07:15 मिनट के करीब इसी भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट सुल्तान अंसारी व रवि मोहन तिवारी से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 18.5 करोड़ रुपये में कराया लिया। खास बात रही कि एग्रीमेंट में भी ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय गवाह के रूप में मौजूद रहे। ट्रस्ट ने 17 करोड़ रुपये सुल्तान अंसारी व रवि मोहन तिवारी के खाते में आरटीजीएस किए हैं।

### आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई जांच की मांग की


गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। सिंह ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने संस्था के सदस्य अनिल मिश्रा की मदद से दो करोड़ रुपए कीमत की जमीन 18 करोड़ रुपए में खरीदी। यह सीधे-सीधे मनी लॉड्रिंग का मामला है।आम आदमी पार्टी सरकार से सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने की मांग करती है।

### आरोप झूठे साबित हुए तो करेंगे 50 करोड़ रुपये की मानहानि का दावा

वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर जमीन लेने के नाम पर घोटाला करने के आरोप पर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास ने कहा कि यदि पूर्व मंत्री द्वारा ट्रस्ट पर लगाए गए गंभीर आरोप झूठे साबित होते हैं तो उन पर 50 करोड़ की मानहानि का दावा किया जाएगा।श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि जो ट्रस्ट पर आरोप लगा है वह संभव नहीं है। इसकी जांच होनी चाहिए, यदि जांच में दोषी पाए जाते हैं तो कार्रवाई भी हो लेकिन यदि मामला झूठा निकलता है तो आरोप लगाने वालों पर भी कार्रवाई हो। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि हम पर आरोप लगते ही रहते हैं, 100 साल से आरोप देख रहे हैं। हम पर महात्मा गांधी की हत्या के आरोप लगे हैं। आरोप से चिंता नहीं करते, हम अपना काम कर रहे हैं। पूरे मामले का अध्ययन करने के बाद अपना पक्ष रखेंगे। इस मामले में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कुछ भी बोलने से इंकार किया। इसी तरह अन्य जिम्मेदार के बयान भी सामने नहीं आये। इसे लेकर विपक्षी पार्टियां हमलावर हैं।

# अडाणी को झटका : फ्रीज हुए 43500 करोड़ के शेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



भारत और एशिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह के लिए यह खबर अच्छी नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ने तीन विदेशी फंड्स इन्वेस्टमेंट फंड, क्रेस्टा फंड और एपीएमएस इन्वेस्टमेंट फंड के खाते फ्रीज कर दिए हैं। इनके पास अडाणी ग्रुप की चार कंपनियों के 43,500 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के शेयर हैं। यह खबर गौतम अडाणी के लिए किसी झटके से कम नहीं है। इससे अडाणी की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है। उनकी कई कंपनियों में लोअर सर्किट तक लग गया है। शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत होते ही अडाणी एंटरप्राइज के शेयर में 10 फीसदी की गिरावट आई, जिससे लोअर सर्किट लग गया।

# महंगे ईंधन के कारण मई में रिकॉर्ड स्तर पर मुद्रास्फीती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**



भारत सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी कर दिए हैं। अप्रैल के 10.49 फीसदी के मुकाबले मई में यह रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। महंगे ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मई में मुद्रास्फीति 12.94 फीसदी रही। पिछले साल की समान अवधि यानी मई 2020 में यह (-) 3.37 फीसदी थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में तेजी का यह लगातार पांचवां महीना है।

# टीआरएस के पूर्व मंत्री ई राजेंद्र ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**



भगतेलंगाना राष्ट्र समिति के वरिष्ठ नेता और तेलंगाना के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ई. राजेंद्र ने भाजपा का दामन थाम लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मंत्रिमंडल से बाहर करने के बाद राजेंद्र पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री से नाराज चल रहे थे। इसके बाद उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। आज दिल्ली के भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और जी कृष्ण रेड्डी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। टीआरएस के कुछ और नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## मानसून हो रहा देश में सक्रिय

# अगले 24 घंटों में 20 से ज्यादा राज्यों में बारिश



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम और पूर्वोत्तर के बाद अब मानसून देश के पूर्वी-उत्तरी और मध्य भाग में सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटों में बाकी बचे 20 राज्यों में मानसून दस्तक देगा। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, ओडिशा बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश, तेलंगाना और केरल समेत हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत, दिल्ली, राजस्थान , आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में नमी के साथ ही चक्रवाती हवा का क्षेत्र बना हुआ है, जो मानसून को बढ़ाने में सहायक है बेंगलुरु इकाई के निदेशक सीएस पाटिल ने कहा कि 17 जून तक कर्नाटक के तटीय जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट का एलान किया गया है।

### पटना जाने वाली फ्लाइट में मिली बम की सूचना, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली से पटना जा रही एक फ्लाइट में बम होने की सूचना से दिल्ली एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह हड़कंप मच गया। आनन-फानन जांच शुरू हुई तो पता चला कि उसी फ्लाइट में सवार एक 22 वर्षीय शख्स ने यह फोन किया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने उस शख्स को दिल्ली एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही फ्लाइट की भी जांच की गई। गिरफ्तार किए गए शख्स से पूछताछ जारी है। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि यह झूठी कॉल थी और आरोपी दिमागी रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता है। पुलिस ने तफतीश पूरी होने की बात कही है।

## वैक्सीनेशन को जन अभियान बनाएं- शिवराज



**सीहोर।** एमपी कैबिनेट की बैठक सीहोर के पास एक रिसोर्ट में विशेष बैठक के रूप में हुई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में मंत्रियों से कहा कि वैक्सीनेशन अत्यंत आवश्यक है कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए। वैक्सीनेशन को जन अभियान कैसे बनाएं यह विचार करना है। प्रधानमंत्री जी ने वैक्सीनेशन का काम अपने हाथों में ले लिया है, इसके लिए मैं उन्हे हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन को हमें रिकार्ड समय में पूरा करना है। कैसे एक निश्चित समय सीमा में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन हो, इस पर हमें विचार करना है।

### रेत ठेकेदारों को राहत की तैयारी में सरकार

एमपी सरकार महंगी खदानें लीज पर लेने के बाद उन्हें चला नहीं पा रहे रेत ठेकेदारों को सरकार रियायत देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए गठित मंत्री समूह संक्षेपिका तैयार कर रहा है। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निर्णय लेंगे। संभावना है कि जून अंत तक ठेकेदारों के लिए कुछ रियायतों की घोषणा करेगी।

### सौ फीट गहरे बोरवेल में गिरा चार साल का मासूम




आगरा में सोमवार सुबह बड़ी घटना घटित हो गई। थाना फतेहाबाद के निबोहरा के गांव धरियाई में घर के सामने खुले करीब सौ फीट गहरे बोरवेल में एक चार वर्ष का मासूम गिर गया। बताते हैं हादसा उस समय हुआ जब बच्चा खेल रहा था। साथ में खेल रहे बच्चों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। बच्चे को बचाने के लिए अभियान शुरू कर दिया

## अभिनेता सुशांत की मौत पर पर खूब चली राजनीति

# एक साल पूरे, तमाम घटनाक्रम पर सीबीआई भी अब तक खाली हाथ

**नई दिल्ली।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आज पहली पुण्यतिथि है। सुशांत को गुजरे एक साल हो गए लेकिन उनके फैंस आज भी उनके लिए न्याय का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हर दिन हैशटैग चलाए जाते हैं और सवाल पूछा जाता है कि आखिर सुशांत केस में सीबीआई की जांच कहां रुकी हुई है। हाल ही में सीबीआई की तरफ से कहा गया था कि इस मामले में एजेंसी बहुत ही गहराई से जांच कर रही है। इस केस से जुड़े सभी चश्मदीदों से पूछताछ कर मामले को समझा है और ये पता लगाने की कोशिश की है कि एक्टर की मौत सुसाइड की वजह से हुई या फिर उनकी हत्या की गई थी। सुशांत केस में मुंबई पुलिस से शूरू हुई जांच अभी तक सीबीआई के हाथ में है लेकिन सुशांत सिंह की मौत के पीछे क्या वजह थी इसका खुलासा नहीं हो सका है। 14 जून की दोपहर को सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबर से पूरा देश हिल गया। किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि करियर में बुलंदियों को छू रहे सुशांत ने फांसी लगाकर जान क्यों दी। सुशांत की मौत के करीब मिनटभर में ही ये बात लोगों के सामने आई कि उन्होंने आत्महत्या की है।मुंबई पुलिस ने बताया था कि सुशांत सिंह राजपूत अवसाद से पीड़ित थे। सुशांत के घर से डिप्रेशन की दवाईयां मिली थी, जिसके आधार पर मुंबई पुलिस ने थ्योरी बनाई कि सुशांत ने अवसाद की वजह से आत्महत्या की। सुशांत की मौत के बाद कंगना रणौत, शेखर सुमन समेत कई फिल्मी कलाकारों ने सुशांत की आत्महत्या के पीछे की वजह भाई-भतीजावाद बताई। सुशांत के कमेंट्स के कुछ स्क्रीनशॉट्स वायरल हुए जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी फिल्में अगर नहीं देखीं गई तो वह जल्द ही इंडस्ट्री से बाहर हो जाएंगे। 18 जून को सुशांत सिंह राजपूत की गर्लफ्रेंड रहीं रिया चक्रवर्ती ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में अपना बयान दर्ज कराया। इससे पहले रिया ने सुशांत से जुड़ी सभी सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दी थी। सुशांत की मौत के बाद कंगना रणौत ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में फिल्म इंडस्ट्री के कुछ दिग्गज निर्माता-निर्देशकों पर कुछ गंभीर आरोप लगाए कंगना ने सुशांत की आत्महत्या को मर्डर बताया।हाल ही में सुशांत के फ्लैटमेट सिद्धार्थ पिठानी को एनसीबी ने ड्रग एंगल में गिरफ्तार किया है। सुशांत केस में सीबीआई को अभी भी चार्जशीट फाइल करनी है, सुशांत के फैंस ये जानना चाहते हैं कि आखिर सीबीआई की जांच कहां रुकी हुई है।








शुभांक - 9-3-1

# आज 9 केन्द्रों पर लग रहा कोविड-19 का टीका

**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 14 जून को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि 14 जून को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्धारित केन्द्रों पर वेक्सीनेशन किया जा रहा है। सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी ढीमरखेड़ा, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जायेगा।



## 18 से 44 आयुवर्ग के लिये 24 स्थलों पर होगा वेक्सीनेशन

जिले में 14 जून को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 24 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 14 जून सोमवार को पुरानी कचहरी परिसर कटनी में वेक्सीनेशन होगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत जिला चिकित्सालय के पुरानी कचहरी परिसर में महाकौशल फैक्ट्री के लेबर वर्ग के लिये विशेष कैम्प भी आयोजित होगा। जिसमें 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन होगा। वहीं सनातन धर्म पंजाबी मण्डल माता मंदिर माधवनगर, रेल्वे एसएस स्कूल एनकेजे सेवा भारती सरस्वती स्कूल नई बस्ती, तिलक महाविद्यालय कटनी, एसीसी अस्पताल कटनी में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी बड़वारा, पीएचसी बसाड़ी, सीएचसी बहोरीबंद, पीएचसी बाकल, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, पीएचसी बिलहरी, सीएचसी बरही, उप स्वास्थ्य केन्द्र खितौली, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, पीएचसी सिनगौड़ी, पीएचसी कैमोर में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

### इन केन्द्रों पर आयोजित होंगे सकेण्ड डोज के लिये टीकाकरण सत्र

जिले के 6 केन्द्रों में 18 से 44 एवं 45 वर्ष व उससे अधिक आयुवर्ग के लिये द्वितीय डोज के लिये भी टीकाकरण सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें जिला अस्पतार के टीकाकरण केन्द्र पुरानी कचहरी परिसर, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी ढीमरखेड़ा, सीएचसी रीठी और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भी सेकेण्ड डोज के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया गया।

# संक्रमण में कमी के बाद सभी दुकान एक साथ खुलें

### पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर से किया आग्रह



**कटनी।** जिले में कोरोना बीमारी से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार गत एक जून से कम हुई है किसी दिन एक दो या एक भी नहीं मरीज निकले हैं कलेक्टर कटनी के ऑड ईवन बाजार व्यवस्था खुलने के आदेश का पालन कटनी जिले के प्रत्येक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों वा दुकानदारों ने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन किया है। तद संबंध जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कटनी जिले के कलेक्टर एवं डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा को पत्र लिखकर सादर आग्रह किया है कि सोमवार दिनांक चौदह जून को कटनी जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित कर समीक्षा कर कटनी शहर एवं जिले की समस्त व्यापारिक दुकानों प्रतिष्ठानों व बाजार सशर्त खोले जाने का घोषणा करने की मेहरबानी करें। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने अपने पत्र में पूरा बाजार खुलने के विकल्प पर करोना को रोकने हेतु कलेक्टर को भेजे गए पत्र में सुझाव भी प्रेषित किया है। जिसमे प्रत्येक दुकानदार मास्क पहनकर ही दुकान पर बैठे सैनिटाइजर अपने प्रथम काउंटर पर ग्राहकों के उपयोग के लिए रखें व मास्क पहने ग्राहक को ही अंदर आने दे। किसी भी दुकान पर क्षमता के अनुसार अधिकतम पांच से ज्यादा ग्राहक एक साथ एकत्र ना हो यह जिम्मेवारी दुकानदार की रहे जिस पर कड़ाई से पालन हो। कटनी जिले के व्यापारिक संगठनों को पत्र जारी कर कोविड के वैक्सीनेशन कराये जाने हेतु जनजागरण अभियान में शामिल करने की आवश्यकता है।

# जांच में दोषी पाए जाने पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड

**वीडियो में मौजूद लोगों को 7 दिन तक होम आईसोलेशन में रहने के निर्देश**

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जन्मदिन पार्टी का वीडियो वायरल होने पर तहसीलदार ने की कार्यवाही

**कटनी।** शनिवार को सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो को संज्ञान में लेते हुये सक्षम अधिकारी तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव एवं माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे द्वारा जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वायरल वीडियो में रूल ऑफ सिक्स का उल्लंघन हुआ है। इस मामले में तहसीलदार द्वारा भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी को समक्ष में बुलाया गया। जिस पर संबंधित द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई। तहसीलदार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में श्री द्विवेदी पर 10 हजार रुपये शास्ति अधिरोपित की गई है, जिसे रेडक्रॉस में जमा कराया गया है। वहीं वीडियो में उपस्थित समस्त संबंधितों को 7 दिन तक होम आईसोलेशन में रहने के स्पष्ट निर्देश भी दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात्रि सोशल मीडिया में एक जन्मदिन पार्टी का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे। इस आयोजन में प्रथम दृष्टया रुल ऑफ6 का उल्लंघन पाया गया था। जिस पर सक्षम अधिकारियों द्वारा प्रकरण को जांच में लेकर इस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

# कटनी जिले के बाजार को खोलने की मांग

**विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**कटनी।** विधायक संदीप जायसवाल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर कटनी जिले के बाजार को सावधानीपूर्वक कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूरी तरह से खोलने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि जहां लॉकडाउन से रोजाना की मजदूरी से जीवन यापन करने वाले एवं हर छोटे बड़े व्यापारी का व्यापार प्रभावित हुआ है तो वहीं हम कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित है और इसके लिए इंतजाम भी किए जा रहे हैं। वर्तमान में दुकानें संख्या में आधी खुल रही है, पर ग्राहक पूरे बाजार आ रहे हैं, जिससे दुकानों पर ग्राहकों की संख्या दुगनी हो रही है। इन परिस्थितियों में इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जिले में पिछले एक से अधिक सप्ताह से लगातार कोरोना के नये केस एक या शून्य आ रहे हैं। जिसको लेकर विधायक ने कटनी के बाजार को पूर्ण रूप से खोले जाने की अनुमति दिए जाने पर विचार करने की मांग की है। इस दौरान कोरोना से संबंधित सावधानियां जैसे कि मास्क एवं दूरी का कड़ाई से पालन कराने एवं दुकानों इत्यादि को भी सुबह 8 से रात्रि 8 तक खुलने की अनुमति के प्रावधान भी किए जा सकते हैं।



# शहर कांग्रेस ने गठित किए मंडलम व सेक्टर

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी अंतर्गत जाकिर हुसैन मंडलम सेक्टर के गठन हेतु अमीरगंज के सरस्वती भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, गिरीश गर्ग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, वार्ड के पूर्व पार्षद सुधीर पटेल, पूर्व पार्षद मंगल गोंटिया, पूर्व पार्षद कल्लू विश्वकर्मा, अरुण जायसवाल, संतोष यादव, नितेश अवस्थी, चंदू दहिया, प्रेमलाल कोल, लक्ष्मी श्रीवास, रामकिशोर श्रीवास, फिरोज खान, चंदा दहिया, रशीदा, कमरुन्निसा, मुकेश कुमार आदि अनेकों कार्यकर्ता व भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी जनों को शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने संकल्प दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में और उनकी समस्याओं को हल करने में असफल रही है, आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को ही विजयी बनाया जाएगा।

# लॉकडाउन का पालन कराने मुस्तैद रहा निगम अमला







**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में शासन निर्देशों के परिपालन में रविवार को लॉकडाउन के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर संक्रमण के प्रसार को रोकने व लॉकडाउन का पालन कराने हेतु निगम का अमला सुबह से नगर के विभिन्न स्थलों में मुस्तैद रहा। नोडल अधिकारी अशफाक परवेज के निर्देशन मे गठित अमले के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा चिन्हित सब्जी मंडी स्थलों में उपस्थित रहकर सब्जी फल की दुकानों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवही की जाकर लॉकडाउन का पालन कराया गया। अतिक्रमण अमले के सदस्यों द्वारा प्रातः से नगर के विभिनन मुख्य स्थलों झंडा बाजार, गांधीद्वार मुख्य मार्ग, एस.बी.आई तिराहा, लक्ष्मी बाई चौक, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, गोल बाजार, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, राजिस्थान भवन गली, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया जाकर आवश्यक सेवाओं को छोडकर अन्य व्यवसायिक गतिविधयों के संचालन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान झंडा बाजार में पान की दुकान को बंद कराने, गोल बाजार एवं फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में खिलाड़ियों एवं धूमने वाले लोगों को समझाईश दी जाकर ग्राउण्ड खाली कराया गया।

# जेसीबी मशीन से कराई गई महात्मा गांधी वार्ड के बड़े नाले की सफाई







**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना विशेष प्रयास किये जा रहे है। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के उद्धेश्य से दो पालियों में नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई, डोर टू डोर कचरे का संग्रहण कार्य सहित सैनेटाईजशन अभियान के माध्यम से रहवासी क्षेत्रों सहित बाजार स्थलों में रोजाना सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जा रहा है। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि सफाई अभियान के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो की सफाई सहित प्रातःकालीन प्रथम पाली के सफाई व्यवस्था अन्तर्गत ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी स्थल सहित चिन्हित अन्य अस्थाई फुटकर सब्जी फल मंडी स्थलों, पन्ना मोड, इंदिरा नगर, बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चौक, घंटाघर, राजीव गांधी वार्ड मेन रोड, गुरूनानक वार्ड स्थित सब्जी मंडी कॉप्लेक्स की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य , भीमराव चौक, विवेकानंद चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मुख्य मार्गो सहित इंदिरा नगर मुख्य मार्ग के डिवाईडर एवं बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास के डिवाईडर के दोनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई कावसजी वार्ड मलिन वंशकार बस्ती के सुलभ की सफाई एवं धुलाई का कार्य कराया गया।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में वर्षा काल में नगर की सडकों में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विशेष गेंग के माध्यम से नगर के छोटे एवं बडे नाले-नालियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज प्रातः महात्मा गांधी वार्ड स्थित खरे जी के प्लाट के पास वाले बडे नाले तथा तिलक राष्ट्रीय स्कूल के बाजू स्थित बडे नाले एवं डॉ. चौदहा के घर के पीछे से धर्मलोक हॉस्पिटल तक के बडे नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन एवं नाला सफाई हेतु संलग्न स्वच्छता गेंग के सदस्यों द्वारा कराया जाकर नाले के अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। नगर के अन्य बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत कावस जी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला हिरिया बाई के घर के सामनें की नालियों, मलिन बस्ती के विभिन्न स्थलों की नालियों, माधवनगर स्थित हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रियल एरिया में कटारिया जी के घर के बाजू बाले नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कराया गया।



# महिला मजदूरों को मंडी में नहीं दिया जा रहा था प्रवेश

## शिकायत पर पहुंचे शहर कांग्रेस अध्यक्ष, समस्या का करवाया हल

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने आज सोमवार की सुबह पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचकर वहां महिला मजदूरों को काम करने के लिए प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर गिरीश गर्ग एडवोकेट, पूर्व मंडी सदस्य शिव कुमार यादव, निवर्तमान पार्षद राज किशोर यादव भी उपस्थित थे। विदित हो कि कोरोना संक्रमण काल में कृषि उपज मंडी बंद थी लेकिन लगभग 15 दिन पूर्व जब मंडी चालू हुई तो उसमें काम करने के लिए महिला मजदूरों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था, जिससे उनके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया था। महिला मजदूरों ने कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन से संपर्क साधा, जिस पर उन्होंने आज प्रशासन एवं मंडी प्रशासन से बात कर उन्हें काम करने के लिए मंडी में प्रवेश दिलाया।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. आबिद हुसैन | डॉ. अनिमेष गुप्ता
24x7 एम्बुलेंस, कैंटीन, पार्किंग
उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
मेडीसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग, शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड, सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 14 जून 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# टिकट घरों से टिकट लेने रेलवे का नया सिस्टम

## अब इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से बात करेंगे कर्मचारी और यात्री




कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। रेल कर्मियों और यात्रियों को संक्रमण से बचाने के लिए रेलवे लगातार नई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। रेलवे स्टेशन में टिकट काउंटर पर यात्रियों और बुकिंग क्लर्क के बीच सुरक्षित दूरी के लिए प्रत्यक्ष बातचीत करने के लिए इलेक्ट्रिक कम्युनिकेशन सिस्टम लगाए गए हैं। यात्री काउंटर के बाहर लगे माइक के जरिए टिकट बुकिंग से सम्बंधित जानकारी रेलकर्मी को दे सकेगा। इसी तरह रेल कर्मी की आवाज भी बाहर लगे स्पीकर पर यात्री को स्पष्ट सुनाई देगी। रेलवे ने स्टेशन, कार्यालय सहित अस्पताल तक पब्लिक विंडो को इलेक्ट्रिक कम्युनिकेशन सिस्टम से लैस किया है। काउंटर पर बातचीत के दौरान कर्मी और यात्री के आमने-सामने होने पर संक्रमण का खतरा रहता है। इसलिए रेलवे ने पूछताछ, आरक्षण और बुकिंग कार्यालयों में कांच की दीवार बनाई है। इससे दीवार के दोनों पार आवाज स्पष्ट सुनाई नहीं देती। इसे इलेक्ट्रिक कम्युनिकेशन सिस्टम लगाकर दूर कर दिया गया है।

### पमरे के 51 टिकट काउंटरों पर शुरू हुई सुविधा

पश्चिम मध्य रेलवे ने आधुनिक कम्युनिकेशन प्रणाली को मुख्य रेलवे स्टेशन सहित जबलपुर रेल मंडल के अन्य स्टेशन और रेल अस्पताल में लगाया है। जबलपुर में पांच और रीवा स्टेशन पर तीन सिस्टम लगाए गए हैं। वहीं गाडरवारा, नरसिंहपुर, पिपरिया, सोहागपुर, बनखेड़ी, निवार, स्लीमनाबाद, कटनी साउथ, झुकेही, मैहर, रीवा, सागर व कुछ अन्य स्टेशन पर एक-एक सिस्टम लगाए गए हैं। कटनी और पिपरिया रेलवे अस्पताल में भी रिसेप्शन काउंटर पर यह सुविधा दी गई है। मंडल के 33 स्टेशन और अस्पताल को मिलाकर 51 काउंटर पर कम्युनिकेशन सिस्टम लगाए गए हैं।



# एक बार फिर बीमार मरीज के लिए मसीहा बनी पुलिस

**बेहोशी की हालत में बस से उतारकर पहुंचाया अस्पताल**

**कटनी।** बीती रात मसीहा बन कर पुलिसकर्मियों ने एक मरीज की जान बचा ली। अगर समय पर मरीज को अस्पताल ना ले जाते तो उसकी जान भी जा सकती थी। घटना करीब ढाई बजे की है। जब गश्त के दौरान बस क्रमांक यू.पी.75एम-3717 से पन्ना धनवा के बीमार कैलाश लुनिया को उसकी पत्नी श्याम भाई एवं छोटा भाई राजकुमार लुनिया जबलपुर एमआरआई एवं कमर के ऑपरेशन के लिए लेकर जा रहे थे। पहलवान ढाबा इंदिरा नगर पुल कुठला में बस रोककर यात्रियों को ऊतारने खड़ा हुआ था। जिससे गश्त में लगे एएसआई विजेन्द्र तिवारी सुजावल सिंह ने पूछताछ की। बस क्यों खड़ी है, तभी श्याम बाई लूनिया महिला बस से उतर कर पुलिस से मदद मांगी। बताया की पति बेहोश हो चुके हैं, जिनकी कमर कि नश चोंक है, उठ बैठ नही पाते, गंभीर बीमारी है, सुगर भी है। जो शायद बहुत लो हो गई है। हम लोग इनका कमर का ऑपरेशन कराने के लिए पन्ना से जबलपुर बस से लेकर जा रहे हैं। परंतु पति सफर के दौरान और अधिक बीमार हो गए। बोलचाल नहीं रहे हैं। बेहोशी की हालत में अस्पताल जाने के लिए हमारी कोई मदद नहीं कर रहा जबकि बस में कई यात्री बैठे हुए हैं, जल्दी से कोई अस्पताल नहीं मिला तो कुछ भी हो सकता है। महिला की व्यथा सुनकर रात्रि कस्बा गश्त कर रहे सहायक उपनिरीक्षक विजेंद्र तिवारी, सुजावल सिंह, आरक्षक आलोक और एनआरएस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने तत्परता से एंबुलेंस बुलावाई और बेहोश कैलाश लुनिया को जिला चिकित्सालय में एडमिट करवाया गया। जिससे बेहोश कैलाश को जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान होश आ गया एवं जान जाने से बच गई। डॉक्टर के मुताबिक मरीज को अगर समय पर अस्पताल नहीं लाया जाता तो जबलपुर पहुंचने से पहले मौत हो सकती थी। मरीज की जान बचाने पर अस्पताल में मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।



# वैक्सीन लगवाने ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

**विजयराघवढ़।** विजयराघवढ़ तहसील के ग्राम पंचायतों में लोगों को वैक्सीन लगाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी सुश्री प्रिया चंद्रावत के मार्गदर्शन में ब्लॉक विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत झिरिया, सलैया, बड़गैयां, कलहरा, बम्हनगवा आदि ग्रामों में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवी, आशा कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्वयंसेवी संस्था के युवाओं द्वारा मिलकर वेक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसमे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महक बड़गैयां, आदित्य दुबे, शिव नंदिनी नामदेव, अंबुज त्रिपाठी, हल्का पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहायिका सहित ग्रामीण युवा टीकाकरण केन्द्र आंगनबाड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिसमें वैक्सीन लगवाने के लिए ग्रामीण युवाओं, महिलाओं व 45 से अधिक उम्र के लोगों को प्रेरित करना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराना, लोगों को मास्क लगाने प्रेरित करना, टीका लगने से 30 मिनट तक केंद्र में बैठाकर रखने की सहभागिता निभाई जा रही है।

# रिकार्ड टीकाकरण के लिए सम्मानित हुए सरपंच व उपसरपंच



**गांव में चलाया जागरूकता अभियान, जिसके कारण एक दिन में 800 से अधिक लोगों ने लगवाया टीका**

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना महामारी से बचाव को लेकर लगने वाले टीकाकरण को लेकर कई तरह की भ्रांतियां लोगों के बीच रही हैं। जिले की रीठी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अमगवां में महिला सरपंच व उनके पति द्वारा ना सिर्फ पूरे गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया बल्कि प्रशासन की मदद से लगे मेगा कैंप में 1 दिन में रिकॉर्ड 800 से अधिक लोगों ने महामारी से बचाव के लिए टीका लगवाया। जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारियों का जनप्रतिनिधियों ने मंच से सरपंच व सरपंच पति की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। अमगवां ग्राम पंचायत सरपंच बुधिया बाई, उनके पति व उपसरपंच मिल्लू चक्रवर्ती ने गांव में टीकाकरण को लेकर विशेष रूप से कार्य किया। गांव के लोगों के मन में कोरोना टीकाकरण को लेकर कई तरह की भ्रांतियां थी। सरपंच व उनके पति ने अपने सहयोगियों के साथ गांव में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया और उन्हें समझाया की टीका लगने से महामारी से किस तरह से बच सकते हैं। जागरूकता अभियान के साथ ही विधायक प्रणय पांडे, एसडीएम बलवीर रमन, जनपद सीईओ प्रदीप सिंह, तहसीलदार राजेश पांडे व स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से गांव में मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान का असर यह रहा कि जिले में पहली बार किसी केन्द्र मे रिकॉर्ड 1 दिन में 840 लोगों ने वैक्सीन का पहला डोज लगवाया। भीड़ की स्थिति यह रही कि वैक्सीन कम पड़ जाने के कारण लगभग दो सैकड़ा लोगों को वापस लौटना पड़ा। जिनको दूसरे केंद्रों में टीका लगवाया जा रहा है। सरपंच व सरपंच पति द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को देखते हुए विधायक पांडे व एसडीएम ने दोनों का मंच से सम्मान किया।

# भागचंद चौरसिया का हृदयाघात से निधन



**उमरियापान।** उमरियापान निवासी वरिष्ट नागरिक मंच के सचिव बी सी चौरसिया 73 वर्षीय का रविवार की अलसुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार 73 वर्षीय बी सी चौरसिया रोजाना की तरह रविवार को भी सुबह 5 बजे से उठकर घर पर टहल रहे थे। इसी दौरान हृदय गति रुकी और जमीन पर गिर गए। पति को जमीन पर अचेत अवस्था में पड़े देख पत्नी ने जोर से आवाज लगाई तो मोहल्ले के लोग पहुंचे और देखा तो सांसें थाम चुकीं थीं। परिजनों का मन नहीं माना तो नगर के पूर्व बीएमओ डॉ आर सी मिश्रा को घर लेकर आए, जिन्होंने देखते ही मृत घोषित कर दिया। दुःखद निधन की खबर जैसे ही नगरवासियों को लगी सब लोग स्तब्ध रह गए। रविवार की दोपहर 2 बजे नगर के बन्हाई मोहल्ला के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय भागचंद चौरसिया, आशीष चौरसिया के पिता एवं कवि राजा चौरसिया, सनत, ओमप्रकाश चौरसिया के भाई थे।

# देवीगीत गायक रामकिशोर सूर्यवंशी का निधन



**कटनी।** जबलपुर के प्रसिद्ध देवीगीत गायक रामकिशोर सूर्यवंशी का रविवार की दोपहर हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जबलपुर के साथ ही कटनी में भी उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। देवीगीत गायक रामकिशोर सूर्यवंशी ने आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की भक्ति से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक देवीगीत गाए, जिसमे काली-काली अमावस की रात में और खेल पंडा-खेल पंडा जैसे भजन प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन देवीगीतों के माध्यम से रामकिशोर सूर्यवंशी ने जबलपुर के साथ ही पूरे महाकोशल क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की थी। नवरात्र पर्व के दौरान उनके द्वारा गाए देवीगीतों ने काफी लोकप्रियता हासिल की। विधायक संजय पाठक के मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद निकाले गए स्वागत जुलूस में पाठक जी के लल्ला गीत भी देवीगीत गायक रामकिशोर सूर्यवंशी द्वारा ही गाया गया था। उनके निधन से संगीत जगत को अपूर्णीय क्षति हुई थी, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।

### विधायक संजय पाठक ने जताया शोक

देवीगीत गायक रामकिशोर सूर्यवंशी के आकस्मिक निधन पर पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रामकिशोर सूर्यवंशी पूरे महाकोशल क्षेत्र की पहचान थे। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से जबलुपर का नाम पूरे मध्यप्रदेश में रोशन किया था। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से क्षति हुई है। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिवार को इस वज्रापात को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# स्थाई एवं निरंतर लोक अदालत 25 जून को

**कटनी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संजय कस्तवार ने बताया कि 25 जून को जिला मुख्यालय कटनी एवं तहसील न्यायालय विजयराघवगढ़, बरही ढीमरखेड़ा में स्थाई एवं निरंतर लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्री-लिटिगेशन, बिजली, आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा, एनआई एक्ट, राजस्व सहित समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों और लोकोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण इसमें किया जायेगा। 25 जून को आयोजित स्थाई एवं निरंतर लोक अदालत में जिले के नागरिकों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण कराने की अपील की गई है।

# श्रमिकों के सच्चे नायक थे स्व आरके शर्मा



## पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**कैमोर।** प्रख्यात श्रमिक नेता एवं विजयराघवगढ़ छेत्र के पूर्व विधायक स्व पं. आर के शर्मा की 33 वी पुण्यतिथि पर छेत्र के विकास में उनके योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए श्रमधाम संस्थान एवं इंटक पदाधिकारियों ने सीमित संख्या में उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम सम्पन्न कराया।



इंटक कार्यालय में केवल 5 लोगों की उपस्थिति में शांति पूर्ण तरीके से अखंड मानस पाठ कराया गया।13 जून को सुबह मानस पाठ समापन के बाद सोशल डिस्टेंन्सिंग के साथ गरीबों को भोजन के पैकेट वितरित किये गए। इंटक अध्यक्ष अनिल मौर्य, वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रकाश पांडे, जनरल सेक्रेटरी पंकज पीढियां, राकेश तिवारी आदि ने अलग अलग समय पर पहुंच कर इंटक कार्यालय परिसर में स्थापित पं. आर के शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

श्रमधाम महाविद्यालय भवन परिसर में संस्थान के पदाधिकारियों एवं प्राचार्यों ने भी पं. आर के शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के अध्यक्ष विनोद मिश्रा एवं सचिव धनीराम शर्मा ने अपने निवास से श्रद्धांजलि संदेश प्रेषित किया। वहीं श्रमधाम कॉलेज के अध्यक्ष के के चंद्रा, प्राचार्य डॉ. आशा तिवारी, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य परवीन बानो, अशोक त्रिपाठी, ज्योति तिवारी, राजा दुबे आदि ने कुछ समय के अंतराल पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए पं. आर के शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

**यूपी, राजस्थान और पंजाब तक फैला है रैकेट**

# कटनी का शातिर ट्रैक्टर चोर सिराज साथियों सहित सतना में गिरफ्तार

## ट्रैक्टर चोरी की कई वारदातों का हुआ खुलासा,गिरोह के कई फरार सदस्यों को गिरफ्त में लेने सतना पुलिस की शहर में दबिश जारी





**कटनी।** कटनी के शातिर ट्रैक्टर चोर सिराज खान को पकड़ने में सतना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने सिराज खान को अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें सिराज खान के अलावा कटनी के कई बदमाश शामिल हैं। बताया जाता है कि इस गिरोह का रैकेट न केवल मध्य प्रदेश बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब तक फैला था। सतना पुलिस के मुताबिक गैंग के पांच सदस्य पकड़े गए हैं। ये आरोपी झांसी में मथुरा गैंग को ट्रैक्टर हैंडओवर कर देते थे। आगे मथुरा गैंग इन ट्रैक्टरों के इंजन व चेचिस नंबर बदल कर जाली दस्तावेज तैयार कर बेच देता था। सतना पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने इस हाईप्रोफाइल गैंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 3 ट्रैक्टर चोरी के मामले में साइबर सेल ने कुछ नंबर ट्रेस किए थे। इसमें से दो ट्रैक्टर 2020 में सतना के अमदरा थाना क्षेत्र से चोरी हुए थे। इस गैंग की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी बीच जबलपुर के सांसद राकेश सिंह के भाई की एजेंसी से एक नया ट्रैक्टर चोरी हो गया। इसकी सूचना सभी जिलों को मिली थी। मामले में शहपुरा थाने में 7 जून को खैरी मोहल्ला निवासी नीरज सिंह ठाकुर ने चोरी का मामला दर्ज कराया था। सांसद के भाई के नाम पर महिंद्रा की श्री नर्मदा ट्रैक्टर एजेंसी है। वह देहात क्षेत्रों में ट्रैक्टर की बिक्री के लिए एक-दो ट्रैक्टर एजेंट के पास रखवाते हैं। शहपुरा क्षेत्र में रखा एक नया ट्रैक्टर 7 जून को चोरी हो गया था। यहां के टॉवर लोकेशन के आधार पर नंबर ट्रेस किया गया। इसके पूर्व सतना के अमदरा थाना क्षेत्र में चोरी हुए दो ट्रैक्टर में भी यही मोबाइल नंबर ट्रेस हुआ था। एक साल पहले गोसलपुर में ट्रैक्टर चोरी में भी यही नंबर ट्रेस हुआ था। ये मोबाइल नंबर कटनी के बरगवां क्षेत्र निवासी शातिर बदमाश व ट्रेक्टर चोर सिराज खान का था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर सिराज खान को गिरफ्तार किया गया। सिराज से पूछताछ के आधार पर कटनी के बरगवां क्षेत्र निवासी इशु दास एंथनी, राजकुमार भूमिया व उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर निवासी पवन उर्फ हिमांशु विश्वकर्मा और छाता मथुरा (उत्तरप्रदेश)निवासी चंद्रभान शर्मा को गिरफ्तार किया गया। इसी गिरोह की निशानदेही पर सांसद के भाई की एजेंसी से चोरी गया ट्रैक्टर बरामद हुआ। सतना एसपी धर्मवीर यादव ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खानपुर मथुरा निवासी देवेंद्र शर्मा भरनाकला थाना बरसाना मथुरा निवासी अशोक शर्मा, कटनी निवासी अन्नी कोल, अल्बर्ट, सन्नी उर्फ सल्लू की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। सिराज खान इस गैंग का स्थानीय लीडर है। 2005 से वह कटनी, सतना, जबलपुर, पन्ना, रीवा, मंडला, उमरिया, शहडोल जिलों से ट्रैक्टर चोरी कर मथुरा की गैंग को सौंप चुका है।

### कई बार ट्रैक्टर चोरी के आरोप में पकड़ा जा चुका है सिराज

एमपी की गैंग चोरी के ट्रैक्टर लेकर झांसी तक जाता था। वहां यूपी के गैंग से उनकी डील होती थी। ट्रैक्टर के कंडीशन के अनुसार लेन-देन होता था। नए ट्रैक्टर के एक से डेढ़ लाख रुपए मिलते थे। यूपी की गैंग आगे इस ट्रैक्टर को ग्रामीण क्षेत्रों में बेच देते थे। वहां ट्रैक्टर का चेचिस व इंजन नंबर मिटा दिया जाता था। वहीं जाली दस्तावेज भी तैयार कर दिए जाते हैं। कुषि कार्य से जुड़े होने की वजह से अक्सर ट्रैक्टर की जांच नहीं होती, इस कारण कभी इस गैंग की कारस्तानी कभी उजागर नहीं हुई। हालांकि सिराज खान कई बार ट्रैक्टर चोरी में पकड़ा जा चुका है।

### रेकी के बाद देते हैं वारदात को अंजाम

गिरोह कई दिन तक साथियों के साथ रेकी करता था। चोरी के बाद उत्तर प्रदेश के झांसी तक ट्रैक्टर को पहुंचाते थे। सतना पुलिस ने गिरोह के कब्जे से बोलेरो गाड़ी भी जप्त कर की है। जिसमें डीजल रखकर ट्रैक्टर के साथ चलते थे। डीजल खत्म होने पर पेट्रोल पंप नहीं जाते थे, बोलेरो में रखी कैन से डीजल भरते थे। ट्रैक्टर चोरी में शामिल गिरोह से पूछताछ करने कटनी व जबलपुर से भी टीम पहुंची है। जबलपुर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुटी है। जबलपुर में भी आधा दर्ज ट्रैक्टर चोरी हुए हैं।

### मथुरा की गैंग से जुड़ा है सिराज

ट्रैक्टर चोरी मामले में सतना में गिरफ्तार सरगना कटनी निवासी मोहम्मद सिराज खान शातिर बदमाश है। 21 जुलाई को गोसलपुर पुलिस ने झिंझरी माधवनगर कटनी निवासी जगदीश बर्मन को ट्रैक्टर चोरी में पकड़ा था। जगदीश ने सिराज और एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर गोसलपुर क्षेत्र के उमरिया कैलवास निवासी अजय कुमार पटेल के घर के पास से उनका ट्रैक्टर चोरी कर लिया था। सिराज मथुरा गैंग से जुड़ा है। छाता के देवेंद्र शर्मा व अशोक शर्मा इस गैंग के मुख्य आरोपी हैं। वे पहले भी पकड़े जा चुके हैं। वहां का पूरा गांव ही ट्रैक्टर चोरी में लिप्त है। ये गिरोह एमपी, यूपी, राजस्थान और पंजाब से ट्रैक्टर चोरी करते हैं। सिराज के खिलाफ कई शहरों में ट्रैक्टर चोरी के मामले दर्ज हैं।

### कटनी पुलिस भी करेगी पूछताछ-एसपी

उधर इस मामले को लेकर कटनी पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी का कहना है कि शातिर चोर अभी सतना पुलिस की रिमांड पर है। सतना पुलिस अभी उससे पूछताछ कर रही है। सतना पुलिस की पूछताछ पूर्ण होने के बाद कटनी पुलिस भी प्रोटक्शन वारंट कर कटनी लाकर पूछताछ करेगी। एसपी श्री अवस्थी का यह भी कहना है कि कटनी में भी ट्रैक्टर चोरी की कई वारदातें लंबित पड़ी हैं। सिराज खान से पूछताछ के बाद कुछ वारदातों से पर्दा उठने की संभावना है।

# सूखे बादलों की खेप लेकर आया उम्मीदों का मानसून

## आसपास झमाझम बारिश पर शहर सूखा

**कटनी।** उम्मीदों का मानसून इस बार सूखे बादलों की खेप लेकर आया है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड में दक्षिण-पश्चिमी मानसून ने शुक्रवार को पूर्वी मध्यप्रदेश को कवर कर लिया है। मानसून आने के दावे के बाद से ही शहर अभी तक तर नहीं हो सका है। आसपास के जिलों में मानसून आने के बाद बादलों की मेहरबानी शनिवार को भी बनी रही।



शहर में शुक्रवार तक होने वाली मामूली बूंदाबांदी भी शनिवार को नहीं हुई। आसमान में सुबह से काले बादल जरूर मंडराए। कई बार काले मेघ ऐसे छाए कि लगा मानसूनी बादल अब जमकर बूंदाबांदी करेंगे। लेकिन शाम होते तक शहर सूखा ही रहा। प्री मानसूनी बादलों की बूंदाबांदी से आयी नमी भी देर शाम तक तक सूखने लगी। इससे रात को उमस बढ़ गई। हालांकि नमी युक्त शीतल हवा से गर्मी से राहत बनी रही।

### संभाग के कई जिलों में हुई बारिश

जबलपुर संभाग के जिलों नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, उमरिया, व दमोह में मानसून की वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं कटनी में अब मानसूनी बारिश का आंकड़ा शुरू नहीं हो पाया है। बारिश न होने से खरीफ फसलों की बोनी के इंतजार में बैठे किसान भी चिंतित हैं।

### बादलों की मौजूदगी से तापमान में गिरावट

बादलों के साया बना रहने शनिवार को पारा नरम बना रहा। तापमान में मामूली गिरावट रही। अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सी रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से 10 डिग्री सी नीचे बना रहा। न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से छह डिग्री नीचे रहा। आर्द्रता सुबह के समय 91 और शाम को 70 प्रतिशत थी। पश्चिम-उत्तर-पश्चिम हवा 4 किमी प्रतिघंटा की गति से चली।


### बारिश की संभावना जता रहा विभाग

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उड़ीसा के क्षेत्र में चक्रवात बना हुआ है। ये आगे बढ़ रहा है। अरब सागर में भी एक निम्न दाब क्षेत्र बन रहा है। पंजाब से मध्यप्रदेश होते हुए बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके और बंगाल खाड़ी में सक्रिय कम दबाव के क्षेत्र से शहर में आने वाले तीन दिनों में बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान तेज हवा चलने और गरज-चमक के साथ बूंदबांदी होने की संभावना जताई जा रही है।

# लगातार तीसरे दिन एक भी पॉजीटिव केस नहीं

## अब 8 एक्टिव केस बचे, एक की मौत दर्ज

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से राहत का सिलसिला लगातार जारी है। अप्रैल और मई के महीने में कहर बरपाने के बाद अब जून के महीने में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर लगातार कमजोर पड़ रही है। पिछले लगातार तीन दिनों से कटनी जिले में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। संक्रमण से राहत मिलने के बाद अब जिले में बाजार को पूरे समय खोलने की मांग भी उठने लगी है, हालांकि इसका निर्णय जिला आपदा प्रबंधन समिति को लेना है।



जानकारी के मुताबिक जिले में आज जीरो पॉजीटिव केस मिले हैं। आज एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है, जबकि एक मौत दर्ज की गई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सुप्राटेक की इंदौर लैब से मिली (आरपीटीसीआर) 615 सेम्पल की रिपोर्ट में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। इसी तरह रेपिड एंटीजन टेस्ट की 596 सेम्पल की रिपोर्ट में भी एक पॉजीटिव केस नहीं मिला है। पिछले 24 घंटे में एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9359 में से 9240 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 8 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 2 जिला चिकित्सालय एवं 6 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। जिले में अब तक 1 लाख 45 हजार 376 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमे से 1 लाख 29 हजार 798 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

# घर में घुसकर तोड़फोड़, महिला से मारपीट

## कार्यवाही नहीं होने से आरोपियों के हौंसले बुलंद, एसपी से न्याय की गुहार





**कटनी।** रंगनाथनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया कलारी के पीछे अपने बेटे के साथ अकेली रहने वाली एक महिला के साथ वहीं रहने वाले आधा दर्जन लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करते हुए मकान में तोड़फोड़ की गई। इस घटना के बाद महिला और उसका बेटा दहशत में है। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घटना की सूचना रंगनाथनगर थाना पुलिस को दिए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है। महिला ने पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा जारी किए गए शिकायत नंबर पर घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस संबंध में रंगनाथनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया कलारी के पीछे निवासी ममता गुप्ता ने बताया कि वो यहां किराए के मकान में अपने बेटे के साथ रहती है। घटना के दिन उसके घर के सामने वहीं रहने वाला रमेश चौधरी पिता दुलारे चौधरी शराब के नशे में गाली-गलौच कर रहा था। जिसका उसने विरोध किया। जिससे रमेश चौधरी आक्रोशित हो गया और अपने घर गया व थोड़ी देर बाद उसके रिश्तेदार और व कुछ लड़के उसके घर में घुसे और मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ की। घर का सारा सामान अस्त व्यस्त कर दिया। ममता गुप्ता ने बताया कि इस घटना के बाद से वो और उसका बेटा दहशत में है। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घटना की जानकारी रंगनाथनगर थाना पुलिस को दी गई, इसके बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर उसने पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर पर भी घटना की जानकारी दी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की बल्कि मेरे विरूद्ध ही मामला कायम कर दिया।


**किराए से देना है**

बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

**संपर्क करें**- 9424849034, 7052191771,9425155542

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


# घर के बाहर से अचानक लापता हो गया युवक

## रंगनाथनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज



**कटनी।** रंगनाथनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलनगर में रहने वाला 40 वर्षीय युवक विनोद बर्मन अपने घर के बाहर से अचानक लापता हो गया। परिजनों द्वारा उसके लापता होने की रिपोर्ट रंगनाथनगर थाना पुलिस से की गइ है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी शुरू कर दी है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मंगलनगर निवासी 40 वर्षीय विनोद बर्मन पिता रामदास बर्मन विगत 4 जून की रात रोजाना की तरह खाना खाकर घर के बाहर बैठा हुआ था और अचानक गायब हो गया। देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा, तब परिजनों ने उसकी खोज खबर ली लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। परिजनों द्वारा सभी रिश्तेदारों के यहां उसके बारे में पूछताछ की परंतु उसका जब कुछ भी पता नहीं चला, तब छोटे भाई विनय बर्मन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट रंगनाथनगर थाना में जाकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





**PRE. REGISTRATION**
**सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)